रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 20—दिसम्बर 26, 2003 (अग्रहायण 29, 1925)
No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 20—DECEMBER 26, 2003 (AGRAHAYANA 29, 1925)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

सरकारी और बैंक लेखा विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

मुंबई, दिनांक 25 नवम्बर 2003

भारत सरकार के राजपत्र में 20 अप्रैल 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल 1954 की अधिसूचना सं॰ एफ॰(8) 70/बी 52 और भारत सरकार के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण राजपत्र सं॰ 67 के अंतर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के नियम 18 के अनुसरण सितम्बर 2003 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गई आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टयता आधार मौजूद है कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है। नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, मुंबई को संसूचित करें।

सूची दो भागों में विभाजित की गयी है। भाग क में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गई हैं और भाग ख में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गई है।

सूची "क"

प्रतिभूतियों की सं॰	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
कुछ नहीं					

ए. एस. मोहिनाणी
सहायक प्रबंधक

1—379 GI/2003

सूची " ख "

प्रतिभूतियों की सं.	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
		भायखला ,मुंबई सर्कल 10% राहत पत्र 1995			
बी.सी.2549 (जी.पी.एम.)	रु.6,000/-	मनीपुर उपेन्द्र किनी राजारमानी उपेन्द्र किनी	20.1.1998	मनीपुर उपेन्द्र किनी राजारमानी उपेन्द्र किनी	06.25.73 9/6/2003
बी.सी. 3145 (जी.पी.एम)	रु.3,00,000/-	निर्मला सुधीर शाह भानु कांतीलाल शाह सरला भानु शाह	19.5.1998	अमीत भानु शाह भानु कांतीलाल शाह सरला भानु शाह	06.25.66 24/1/2003
बीसी- 12754 (जी.पी.एच)	रु.3,00,000/-	हीरालक्ष्मी नगीनदास संघवी कुमुद कृष्णाकांत वोरा हर्षा नगीनदास संघवी	1.8.1998	हीरालक्ष्मी नगीनदास संघवी कुमुद कृष्णाकांत वोरा हर्षा नगीनदास संघवी	06.25.79 18/7/2003
बी.सी.12685 (जी.पी.एच)	रु.10,00,000/-	प्रदीप नवनीतलाल मुछला शोभना प्रदीप मुछला	30.7.1998	प्रदीप नवनीतलाल मुछला शोभना प्रदीप मुछला	06.25.78 14/7/2003
		नई दिल्ली सर्कल 9% आर..बी 1999 (एम)			
डीएचएन-000695	रु.1,00,000/-	गोपा सेन गुप्ता और किशोर सेन गुप्ता	अग्रिम तिथि के ब्याज वारण्ट आरम्भ में ही जारी किए जा चुके हैं ।	गोपा सेन गुप्ता और किशोर सेन गुप्ता	पीडीओ/डीटी/एलएन-1/2003 दिनांक 2.8.2003

(ए.एस.मोहिनाणी)
सहायक प्रबंधक

यूको बैंक
कार्मिक विभाग
प्रधान कार्यालय, कोलकाता
12, ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट

कोलकाता-700 001, दिनांक 3 दिसम्बर 2003

सं. पीइएन 1/2003 - बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम,1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूको बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करके और केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी से यूको बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 1995 में संशोधन करके एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात -

1. (1) ये विनियम यूको बैंक (कर्मचारी) पेंशन (संशोधन) विनियम, 2003 कहलाएंगे।

(2) इन विनियमों में अन्यथा स्पष्टतया उपलब्ध को छोड़कर, ये सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. यूको बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 1995 में,

(क) विनियम 2 में,

(I) उप-विनियम (ढ) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"(ढ) 'कर्मचारी' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो बैंक की सेवा में नियोजित है, चाहे स्थायी आधार पर पूर्णकालिक या वेतनमान पर स्थायी आधार पर अंशकालिक कर्मकार के रूप में हो या ऐसा अधिकारी जो इन विनियमों को चुनता है और इनसे शासित होता है लेकिन इसमें ऐसा व्यक्ति शामिल नहीं होगा जो संविदात्मक आधार पर या दैनिक वेतन के आधार पर या समेकित वेतन के आधार पर नियुक्त किया गया हो";

(II) उप-विनियम (ण) में, खण्ड (ग) के लिए निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात :-

"(ग) पुत्र या अविवाहित पुत्री या विधवा/तलाकशुदा पुत्री, जिसने पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है, तथा कानूनी रूप से गोद लिया गया पुत्र या पुत्री।"

"(घ) कर्मचारी के जीवित रहते हुए उस पर पूर्णतया आश्रित माता-पिता, बशर्ते मृत कर्मचारी ने अपने पीछे न तो विधवा/विधुर या बच्चा छोड़ा हो।"

(III) उप-विनियम (थ) में निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात,

(थ) "वेतन" में शामिल है

"(क) जो कर्मकार 1 जनवरी,1986 को या उसके पश्चात, लेकिन 1 नवंबर,1992 के पूर्व, या तो सेवानिवृत्त हो गया था या उसकी मृत्यु हो गई थी, और जो

अधिकारी 1 जनवरी,1986 को या उसके पश्चात, लेकिन 1 जुलाई,1993 के पूर्व, या तो सेवानिवृत्त हो गया था या उसकी मृत्यु हो गई थी, उसके मामले में :-

(i) मूल वेतन और गत्यवरोध वेतनवृद्धियां, यदि हों, और

(ii) भविष्य निधि में अंशदान करने तथा महंगाई भत्ते के भुगतान के प्रयोजन हेतु गणना में लिए गए सभी भत्ते;

(ख) जो कर्मकार 1 नवंबर,1992 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था, या जिसकी मृत्यु सेवाकाल के दौरान हो गई थी, और जो अधिकारी 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था या जिसकी मृत्यु हो गई थी, उसके मामले में :-

(i) मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां, यदि हों; और

(ii) भविष्य निधि में अंशदान करने तथा महंगाई भत्ते के भुगतान के प्रयोजन हेतु गणना में लिए गए सभी भत्ते; और

iii) नियत वैयक्तिक भत्ते का वेतनवृद्धि घटक;

IV) 1960=100 श्रृंखला में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक के 1148 प्वाइंट तक संगणित महंगाई भत्ता।";

"(ग) जो कर्मचारी 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था या जिसकी सेवा में रहते हुए मृत्यु हो गई थी, उसके मामले में :

(i) मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां, यदि हों; और

(ii) भविष्य निधि में अंशदान करने तथा महंगाई भत्ते के भुगतान के प्रयोजन हेतु गणना में लिए गए सभी भत्ते; और

(iii) नियत वैयक्तिक भत्ते का वेतनवृद्धि घटक; और

(iv) उस पर महंगाई भत्ता, जो श्रृंखला 1960= 100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक संख्या1616 अंकों तक परिकलित किया जाता है।

<u>स्पष्टीकरण</u>

इस खण्ड के प्रयोजन के लिए मूल वेतन, वेतन के अन्य घटक और नियत वैयक्तिक भत्ते का अर्थ होगा कर्मचारियों द्वारा आहरित वे मूल वेतन, वेतन के अन्य घटक और नियत वैयक्तिक भत्ते जो 1.11.1997 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) तथा 1.4.1998 के पूर्व (अधिकारियों के मामले में) लागू वेतनमान के अनुसार देय थे और जिन दरों पर वेतन के अन्य घटक देय थे;

(ख) विनियम 3 में,

(i) उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) में, "_____ बैंक को उपर्युक्त रकम" शब्दों के पश्चात "या 1 अप्रैल,1995 तक, जो भी पहले हो" शब्द जोड़े जाएंगे ;

उप-विनियम (7) के खण्ड (ख) में "_____ बैंक को उपर्युक्त रकम" शब्दों के पश्चात "या 1 अप्रैल,1995 तक, जो भी पहले हो" शब्द जोड़े जाएंगे;

(iii) उप-विनियम (9) के पश्चात, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात

"(10) उप-विनियम (2), (5), (6) और (8) में निहित किसी बात के होते हुए भी, यदि कोई कर्मचारी 1 नवंबर,1993 को या उसके पश्चात लेकिन 1 अप्रैल,1995 को या उसके पहले सेवानिवृत्त हो गया था/सेवानिवृत्ति के बाद उसकी मृत्यु हो गई थी या यदि किसी कर्मचारी की बैंक की सेवा में रहते हुए, 1 नवंबर,1993 को या उसके पश्चात लेकिन 1 अप्रैल, 1995 को या उसके पूर्व मृत्यु हो गई थी तो ऐसा कर्मचारी या मृत कर्मचारी का परिवार, जो भी स्थिति हो, उपर्युक्त उप-विनियमों में उल्लिखित अवधि के भीतर भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण राशि तथा उसपर उपचित ब्याज और भविष्य निधि खाते के निपटान की तारीख से बैंक को उपर्युक्त राशि वापस करने की तारीख तक या 1 अप्रैल, 1995 तक, जो भी पहले हो, उक्त रकम पर छह प्रतिशत की वार्षिक दर से अतिरिक्त साधारण ब्याज के साथ वापस करेगा।";

(ग) विनियम 12 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"12. निधि का निवेश : निधि में अंशदान की गई या प्राप्त या उस तारीख के पश्चात निधि पर ब्याज या अन्य प्रकार से उपचित संपूर्ण राशि, भारत में डाक घर बचत बैंक खाते या किसी अनुसूचित बैंक के चालू खाते या बचत बैंक खाते में जमा की जा सकेगी या पेंशन विनियम के अनुसार पेंशन लाभ का भुगतान करने हेतु उपयोग में लाई जा सकेगी। जो रकम इस प्रकार जमा नहीं की गई है या जिसका उपयोग नहीं किया गया है उसका आयकर नियम, 1962 के नियम 67के उप-नियम (2) में किए गए उल्लेख के अनुसार निवेश किया जाएगा।"

(घ) विनियम 18 में, निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात :-

"परंतु, इस विनियम के उपबंध किसी कर्मचारी को पेंशन हेतु पात्र बनने के लिए अपेक्षित न्यूनतम सेवा निर्धारित करने हेतु लागू नहीं होंगे।"

(ङ.) विनियम 27 में, उप-विनियम (2) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात :-

"(2) जो अंशकालिक कर्मचारी प्रारंभ में न्यूनतम वेतनमान पर नियुक्त किया गया था/है और बाद में उसका नियतन पूर्ण वेतनमानों सहित उच्चतम वेतनमान में किया गया था/जाता है, उसके मामले में पेंशन की राशि की गणना करने के प्रयोजन से अर्हताप्राप्त सेवा की अवधि का निर्धारण परिशिष्ट IV के अनुसार किया जाएगा।

(3) जो अंशकालिक कर्मचारी भर्ती होने के समय से लेकर एक ही वेतनमान में बना रहता है उसकी पेंशन राशि की गणना करने के प्रयोजन हेतु उसके द्वारा की गई वास्तविक सेवा को अर्हता प्राप्त सेवा माना जाएगा। ऐसे मामलों में सेवानिवृत्ति के समय वेतनमान पर आहरित वास्तविक वेतन को औसत परिलब्धियों के प्रयोजन हेतु गिनती में लिया जाएगा।

टिप्पणी

वास्तविक सेवा/अर्हताप्राप्त सेवा की गणना भर्ती की तारीख से या 1.9.1978 से, जो भी बाद में हो, की जाएगी।";

(च) विनियम 32 में खण्ड (क) के अंत में "और" शब्द प्रतिस्थापित किया जाएगा।;

(छ) विनियम 33 में उप-विनियम (1) के बदले निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात :-

"(1) यूको बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 या पंचाटों/समझौतों के अनुसार, 1 नवंबर,1993 को या उसके पश्चात दंड के रूप में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर्मचारी को, ऐसा दंड लगाने के लिए सक्षम प्राधिकारी से उच्च प्राधिकारी द्वारा, दो-तिहाई से कम नहीं और यदि वह उस तारीख को अधिवर्षिता पर ऐसी पेंशन का पात्र होता तो उसकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख को उसे स्वीकार्य पूर्ण पेंशन से अधिक नहीं, की दर से पेंशन मंजूर की जाए।"

(ज) विनियम 34 में उप-विनियम (2) के बदले निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"(2) विनियम 3 के उप-विनियम (7) में निहित उपबंधों द्वारा शासित मृत कर्मचारी का परिवार पेंशन या परिवार पेंशन, यथास्थिति, के लिए 1 नवंबर, 1993 से पात्र होगा।";

(झ) विनियम 35 में, उप-विनियम (1) के लिए निम्नलिखित उप विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"(1) मूल पेंशन तथा अतिरिक्त पेंशन, जहां भी लागू हो, परिशिष्ट-1 में दिए गए फार्मूले के अनुसार अद्यतन बनाई जाएगी।";

(ञ) विनियम 36 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"(36) न्यूनतम पेंशन - न्यूनतम पेंशन की राशि निम्नानुसार होगी :-

(क) जहां कर्मचारी (कर्मकारों के मामले में) 1 नवंबर,1992 के पूर्व या (अधिकारियों के मामले में) 1 जुलाई,1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था, वहां कर्मचारी के मामले में, अंशकालिक कर्मचारी को छोड़कर, रुपये तीन सौ पचहत्तर प्रतिमाह और 1 नवंबर, 1992 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए अंशकालिक कर्मचारी के मामले में वेतनमान की दर के संबंध में उसकी आनुपातिक राशि;

(ख) जहां कर्मचारी (कर्मकारों के मामले में) 1 नवंबर,1992 को या उसके पश्चात या (अधिकारियों के मामले में) 1 जुलाई,1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था, वहां कर्मचारी के मामले में, अंशकालिक कर्मचारी को छोड़कर, रुपये सात सौ बीस प्रतिमाह और 1 नवंबर,1992 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुए अंशकालिक कर्मचारी के मामले में वेतनमान की दर के संबंध में उसकी आनुपातिक राशि;

(ग) जहां कर्मचारी 1 अप्रैल,1998 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था, वहां कर्मचारी के मामले में, अंशकालिक कर्मचारी को छोड़कर, रुपये एक हजार पन्द्रह प्रति माह और जहां अंशकालिक कर्मचारी 1 अप्रैल,1998 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुआ है वहां एक-तिहाई वेतन पाने वाले अंशकालिक कर्मचारी के मामले में रुपये तीन सौ उनतालीस प्रतिमाह, आधा वेतन पाने वाले अंशकालिक कर्मचारी के मामले में रुपये पांच सौ आठ प्रतिमाह तथा तीन चौथाई वेतन पाने वाले अंशकालिक कर्मचारी के मामले में रुपये सात सौ बासठ प्रतिमाह।"

(ट) विनियम 39 में :-

(i) उप-विनियम (1) में निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात :-

"परंतु, जो कर्मचारी 1 जनवरी,1986 को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में थे तथा 31 अक्तूबर,1987 को या उसके पूर्व सेवा में रहते हुए उनकी मृत्यु हो गई थी या 31 अक्तूबर,1987 को या उसकें पूर्व सेवानिवृत्त हो गए थे परंतु उनकी मृत्यु बाद में हुई थी, ऐसे मृतक कर्मचारी का परिवार पेंशन का पात्र होगा, जिसकी रकम परिशिष्ट V के अनुसार निर्धारित की जाएगी।"

(ii) उप-विनियम (3) के खण्ड (क) में उप-खण्ड (ii) में शब्द, कोष्ठक, अक्षर "या खण्ड (ख) " निकाले जाएंगे;

(iii) उप-विनियम (3) में खण्ड (क) में उप-खण्ड (ii) के पश्चात निम्नलिखित परंतुक शामिल किया जाएगा, अर्थात :-

"परंतु, इस खण्ड के अंतर्गत निर्धारित परिवार पेंशन की राशि किसी भी दशा में बैंक से सेवानिवृत्त होने पर प्राधिकृत पेंशन से अधिक नहीं होगी। यदि कर्मचारी की सेवनिवृत्ति पर उसे प्राधिकृत पेंशन साधारण दर पर परिवार पेंशन की राशि से कम है तो परिवार को साधारण दरों पर परिवार पेंशन की अनुमति दी जाएगी।

स्पष्टीकरण : इस उप-खण्ड के प्रयोजन हेतु, "सेवानिवृत्ति पर प्राधिकृत पेंशन" में पेंशन का वह अंश शामिल है जो सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मृत्यु के पूर्व संराशीकृत किया होता।"

(ठ) विनियम 40 में,

(i) उप-विनियम (i) में खण्ड (ख) और (ग) के लिए निम्नलिखित खण्ड तथा परंतुक प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात:

(ख) पुत्र या पुत्री (विधवा/तलाकशुदा सहित) के मामले में जब तक वह पच्चीस वर्ष का/की नहीं हो जाता/जाती या उसके विवाह/पुनर्विवाह तक, जो भी पहले हो:

परंतु, जब पात्र पुत्र/पुत्री सरकारी/निजी क्षेत्र/स्व-नियोजन आदि में नियोजन से

रु.2550/- प्रतिमाह से अधिक रकम प्राप्त करना शुरू कर देता/देती है तो पुत्रों/पुत्रियों (विधवा/तलाकशुदा सहित) को देय पेंशन बंद कर दी जाएगी/ स्वीकार्य नहीं होगी।

परंतु, यदि किसी कर्मचारी का पुत्र या पुत्री किसी मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त है या शारीरिक रूप से इस प्रकार अपंग या विकलांग है कि वह पच्चीस वर्ष का/की होने पर भी जीवन-निर्वाह के लिए कमा नहीं सकता/सकती तो ऐसे पुत्र या पुत्री को निम्नलिखित शर्तों के अधीन आजीवन परिवार पेंशन का भुगतान किया जाएगा :-

(I) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री, कर्मचारी के दो या दो से अधिक बच्चों में से है तो प्रारंभ में परिवार पेंशन उप-विनियम (1) के खण्ड (ङ) में यथा निर्धारित अवयस्क बच्चे को देय होगी और वह तब तक देय होगी जब तक कि अंतिम अवयस्क बच्चा पच्चीस वर्ष का नहीं हो जाता और उसके पश्चात परिवार पेंशन मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त या शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग पुत्र या पुत्री के पक्ष में पुनः आरंभ की जाएगी और उसे आजीवन देय होगी;

(II) यदि मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त या शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग बच्चे एक से अधिक हैं तो परिवार पेंशन उनके जन्म के क्रम से दी जाएगी और उसमें से सबसे कम उम्र के पुत्र या पुत्री को परिवार पेंशन तभी मिलेगी जब उससे बड़े/बड़ी की पात्रता समाप्त हो जाएगी :

परंतु, जहां परिवार पेंशन ऐसे जुड़वा बच्चों को देय है वहां यह उप-विनियम (1) के खण्ड (च) में निर्दिष्ट तरीके से दी जाएगी ;

(III) ऐसे पुत्र या पुत्री को परिवार पेंशन अभिभावक के जरिए प्रदान की जाएगी मानो वह अवयस्क था/थी, सिवाय शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग पुत्र या पुत्री को छोड़कर जो परिपक्वता आयु पर पहुंच चुके हों।

(IV) ऐसे किसी पुत्र या पुत्री को आजीवन परिवार पेंशन देने की अनुमति देने के पूर्व,सक्षम प्राधिकारी इस बात की संतुष्टि करेगा कि विकलांगता इस प्रकार की है कि वह उसकी आजीविका के लिए आय प्राप्त करने में बाधा बनती है और इसे बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त प्रमाणपत्र द्वारा प्रमाणित करना होगा, जिसमें यथासंभव, बच्चे की सही-सही मानसिक एवं शारीरिक स्थिति दी गई हो;

(V) ऐसे पुत्र या पुत्री के अभिभावक के रूप में परिवार पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्ति या अभिभावक के माध्यम से परिवार पेंशन प्राप्त न करने वाले पुत्र या पुत्री को बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी का प्रत्येक तीन वर्ष में इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह मानसिक विकार या अशक्तता से लगातार ग्रस्त है तथा शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग है।

स्पष्टीकरण - इस विनियम में निर्दिष्ट आयु सीमा से अधिक आयु के विकलांग बच्चे को परिवार पेंशन निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान की जाएगी, अर्थात

(I) पुत्री इस उप-विनियम के अधीन परिवार पेंशन के लिए उस तारीख से अपात्र हो जाएगी जिस तारीख को वह विवाह करती है;

(II) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री अपनी आजीविका आरंभ कर देता/देती है तो ऐसे पुत्र या पुत्री को परिवार पेंशन बंद कर दी जाएगी। ऐसे मामलों में अभिभावक या पुत्र या पुत्री का यह कर्तव्य होगा कि वह हर महीने बैंक को इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे कि -

(अ) उसने अपनी आजीविका प्रारंभ नहीं की है;

(आ) पुत्री के मामले में यह कि अभी तक वह अविवाहित है;

(ग) माता-पिता के मामले में, यदि सरकारी/निजी क्षेत्र/स्वनियोजन आदि में नियोजन से माता-पिता में से किसी एक की आय या माता-पिता दोनों की कुल आय रु.2550/- प्रति माह से अधिक हो जाती है तो देय परिवार पेंशन बंद कर दी जाएगी/स्वीकार्य नहीं होगी।"

(II) उप-विनियम (4) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(4) जहां पति और पत्नी दोनों बैंक कर्मचारी हैं तथा इस विनियम के प्रावधानों द्वारा शासित होते हैं, और उनमें से किसी एक की सेवाकाल के दौरान या सेवानिवृत्ति के पश्चात मृत्यु हो जाती है तो मृत कर्मचारी के मामले में परिवार पेंशन जीवित पति या पत्नी को दी जाएगी और पति या पत्नी की मृत्यु हो जाने पर, मृत अभिभावक के मामले में जीवित बच्चे या बच्चों को दो परिवार पेंशन मंजूर की जाएगी जो निम्नलिखित तक सीमित रहेगी, अर्थात -

(क) जहां जीवित बच्चा, या बच्चे विनियम 39 के उप-विनियम (3) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (I) तथा खण्ड (ख) के उप-खण्ड (I) में उल्लिखित दरों पर दो परिवार पेंशन पाने का पात्र है/हैं तो दोनों पेंशन की दर निम्नलिखित तक सीमित रहेगी -

(I) 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 के पूर्व (अधिकारियों के मामले में) जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए थे या सेवा में रहते हुए जिनकी मृत्यु हो गई थी, के मामले में रुपये दो हजार पॉच सौ केवल प्रतिमाह;

(II) 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात (कर्मकारो के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात (अधिकारियों के मामले में) जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए थे या सेवा में रहते हुए जिनकी मृत्यु हो गई थी, उनके मामले में रुपये चार हजार आठ सौ केवल प्रतिमाह; और

(iii) केवल उन कर्मचारियों, अधिकारियों तथा कर्मकारों, दोनों के मामले में, जो 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गई थी, रुपये छह हजार सात सौ छप्पन केवल प्रतिमाह।

(ख) यदि विनियम 39 के उप-विनियम (3) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (i) या खण्ड (ख) के उप-खण्ड (i) में उल्लिखित दरों पर देय एक परिवार पेंशन बंद हो जाती है और उसके बदले विनियम 39 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित दर पर परिवार पेंशन देय हो जाती है तो दोनों पेंशनों की रकम भी निम्नलिखित तक सीमित रहेगी -

(i) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 के पूर्व (अधिकारियों के मामले में) सेवानिवृत्त हो गए थे या सेवा में रहते हुए जिनकी मृत्यु हो गई थी, के मामले में रुपये दो हजार पांच सौ केवल प्रतिमाह;

(ii) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात (अधिकारियों के मामले में) सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गई थी, के मामले में रुपये चार हजार आठ सौ केवल प्रतिमाह; और

(iii) केवल उन कर्मचारियों, अधिकारियों तथा कर्मकारों दोनों के मामले में जो 1 अप्रैल 1998 को या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गई थी, रुपये छह हजार सात सौ छप्पन प्रतिमाह।

(ग) यदि दोनों परिवार पेंशन विनियम 39 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित दर पर देय हैं तो दोनों परिवार पेंशन की राशि निम्नलिखित तक सीमित रहेगी –

(i) जो कर्मचारी 1 नदम्बर, 1992 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 के पूर्व (अधिकारियों के मामले मे) सेवानिवृत्त हो गए थे या सेवा के दौरान जिनकी मृत्यु हो गई थी, उनके मामले में रुपये एक हजार दो सौ पचास प्रतिमाह;

(ii) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात (अधिकारियो के मामले मे) सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गई थी, के मामले में रुपये दो हजार चार सौ प्रतिमाह; और

(iii) जो कर्मचारी (अधिकारी तथा कर्मकार दोनों) 1 अप्रैल 1998 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गई थी, के मामले में रुपये तीन हजार तीन सौ अठहत्तर प्रतिमाह।

(iii) उप-विनियम (5) मे खण्ड (ग) के परंतुक के लिए निम्नलिखित परंतुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"परंतु बच्चे या बच्चों या विधवा या विधवाओं को देय परिवार पेंशन के अंश या अंशों का भुगतान बंद हो जाने पर ऐसा/ऐसे अंश समाप्त नहीं होगा/होंगे, बल्कि अन्य विधवा या विधवाओं को और/या अन्यथा पात्र अन्य बच्चा या बच्चे को समान अंशों में देय होगा या यदि केवल एक विधवा या बच्चा है तो ऐसी विधवा या बच्चे का पूरा अंश देय होगा।"

(iv) उप-विनियम (5) में खण्ड (ग) के पश्चात निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा, अर्थात् :-

(गक) जहां मृत कर्मचारी या पेंशनभोगी के पीछे एक विधवा बची हो किंतु वह तलाकशुदा पत्नी या पत्नियों से पात्र बच्चा या बच्चे छोड़ गया हो तो ऐसा/ऐसे पात्र बच्चा या बच्चे परिवार पेंशन का वह अंश पाने का/के हकदार होगा/होंगे जो कर्मचारी या पेंशनभोगी की मृत्यु के समय उसकी/उनकी माता को मिलता यदि उसका तलाक न हुआ होता।

परंतु, ऐसे बच्चे या बच्चों या विधवा या विधवाओं को देय परिवार पेंशन के अंश या अंशों के देय न रह जाने पर ऐसा या ऐसे अंश व्यपगत नहीं होंगे अपितु अन्य विधवा या विधवाओं और/या अन्य बच्चे या बच्चों जो अन्यथा पात्र हों, को समान अंशों में देय होगा/होंगे या यदि एक ही विधवा या बच्चा हो तो ऐसी विधवा या बच्चे को पूर्ण रूप से देय होगा/होंगे।

(ङ) विनियम 41 में,

(क) उप-विनियम 4 में, टिप्पणियों के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"टिप्पणी -

उपर्युक्त तालिका पेंशनभोगी के अगले जन्म दिन पर उसकी आयु के संदर्भ में क्रय वर्षों की संख्या के रूप में व्यक्त पेंशन का संराशीकृत मूल्य दर्शाती है। अट्ठावन वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी के मामले में संराशीकृत मूल्य 10.46 क्रय वर्ष है और इसलिए, यदि वह सेवानिवृत्ति से एक वर्ष के भीतर अपनी पेंशन से सौ रुपये संराशीकृत करता है तो उसे एकमुश्त देय राशि होगी रु.100 x 10.46 x12 = रु.12,552"

(ख) प्रतिस्थापित नोट के पश्चात निम्नलिखित उप-विनियम जोड़े जाएंगे, अर्थात

(5) जिस कर्मचारी ने पेंशन के स्वीकार्य अंश को संराशीकृत किया था, वह संराशीकरण की तारीख से पन्द्रह वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात फिर से चालू पेंशन के संराशीकृत अंश को पाने का पात्र होगा।

(6) जो आवेदक अधिवर्षिता पेंशन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेंशन, समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन, अनिवार्य सेवा-निवृत्ति पेंशन, अशक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता हेतु अधिकृत है, वह इन विनियमों के अधीन अपनी पेंशन के अंश को संराशीकृत करने हेतु पात्र होगा।

(7) यदि पेंशनभोगी अधिवर्षिता पेंशन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर पेंशन या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन हेतु पात्र है तो सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर संराशीकरण हेतु आवेदन देने पर चिकित्सा जांच अनिवार्य नहीं होगी। परंतु, यदि ऐसा पेंशनभोगी अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के पश्चात पेंशन के संराशीकरण हेतु आवेदन करता है तो इसकी अनुमति चिकित्सा जांच के अधीन दी जाएगी :

परंतु, जिस आवेदक को विनियम 46 के अनुसार अनंतिम पेंशन प्राप्त हो रही है और जिसके लिए विभागीय या न्यायिक कार्यवाही पूर्ण होने पर पेंशन प्राधिकृत की गई है, इस उप-विनियम में उल्लिखित एक वर्ष की अवधि, विभागीय या न्यायिक कार्यवाही के पूर्ण हो जाने के परिणामस्वरूप आदेश जारी होने की तारीख से गिनी जाएगी।

(8) ऐसा आवेदक -

(i) जो इन विनियमों के विनियम 30 के अंतर्गत अशक्त पेंशन पर सेवानिवृत्त होता है; या

(ii) जिसे इन विनियमों के विनियम 31 के अंतर्गत अनुकंपा भत्ता प्राप्त हो रहा है; या

(iii) जिसे बैंक द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया गया है और वह विनियम 33 के अंतर्गत अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन के लिए पात्र है, वह बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वस्थ घोषित किए जाने के बाद उप-विनियम (1) में उल्लिखित सीमा के अधीन अपनी पेंशन के अंश को संराशीकृत करने का पात्र होगा।

(9) पेंशन का संराशीकरण तब निरपेक्ष हो जाएगा जब

(क) अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्त होने वाला कर्मचारी, सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद की अगली तारीख पर, सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व पेंशन के संराशीकरण हेतु आवेदन करता है:

परंतु, विनियम 29 के उप-विनियम (3) द्वारा शासित कर्मचारी तीन महीने की नोटिस समाप्त होने के पूर्व अपनी पेंशन के अंश के संराशीकरण हेतु आवेदन नहीं करेगा और पेंशन का संराशीकरण विनियम 29 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित नोटिस अवधि के समाप्त होने पर निरपेक्ष हो जाएगा;

(ख) अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्त होता है और वह सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात् परंतु सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष पूरा होने के पहले पेंशन के संराशीकरण हेतु आवेदन करता है तो संराशीकरण हेतु आवेदन सक्षम प्राधिकारी को जिस तारीख को प्राप्त होता है;

(ग) अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्त होता है और पेंशन के संराशीकरण हेतु सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के पश्चात आवेदन करता है तो बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रदान करने की तारीख से;

(घ) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था और इन विनियमों द्वारा शासित होने का विकल्प चुनता है, 1 नवम्बर, 1993 को, जहां आवेदन विनियम 3 के उप-विनियम (2) के खण्ड (ख) में उल्लिखित अवधि के भीतर किया गया है;

(ङ) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में था परंतु जो अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन को इन विनियमों के प्रकाशन के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था, जहां आवेदन विनियम 3 के उप-विनियम (2) खण्ड (ख) में उल्लिखित अवधि के भीतर किया गया हो;

(च) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था परंतु अधिसूचित तारीख के पूर्व उसकी मृत्यु हो गई थी, उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन पर जहां मृतक कर्मचारी के परिवार द्वारा संराशीकरण का आवेदन विनियम 3 के उप-विनियम (5) के खण्ड (क) में उल्लिखित अवधि के भीतर किया गया है;

(छ) जिस कर्मचारी को विनियम 30 के अधीन अशक्त पेंशन या विनियम 31 के अधीन अनुकंपा भत्ता या विनियम 33 के अधीन अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन स्वीकार्य है, संराशीकरण बैंक द्वारा अनुमोदन चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए चिकित्सा प्रमाणपत्र की तारीख को निरपेक्ष हो जाएगा।

(ढ) विनियम 48 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"48. बैंक को हुई आर्थिक हानि की वसूली

(1) यदि पेंशनभोगी अपनी सेवा अवधि के दौरान किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाही में घोर अवचार या उपेक्षा या आपराधिक न्यासभंग या जालसाजी या कपटपूर्ण कार्य का दोषी पाया जाता है तो सक्षम प्राधिकारी पेंशन या उसका अंश रोक सकता है, या वापस ले सकता है, चाहे वह स्थायी रूप से हो या निर्धारित अवधि के लिए, और बैंक को हुई किसी भी आर्थिक हानि के पूरे या अंश को पेंशन से वसूल करने का आदेश दे सकता है :

परंतु, कोई अंतिम आदेश जारी करने के पूर्व बोर्ड से परामर्श किया जाएगा :

परंतु कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के पश्चात, विभागीय कार्यवाही, यदि कर्मचारी के सेवा में रहते हुए आरंभ की गई है, इन विनियमों के अधीन कार्यवाही समझी जाएगी तथा जिस प्राधिकारी द्वारा यह आरंभ की गई थी वह उसी प्रकार से जारी रखी जाएगी तथा समाप्त की जाएगी मानो वह कर्मचारी सेवा में है।

(2) यदि कर्मचारी के सेवा में रहते हुए विभागीय कार्यवाही आरंभ नहीं की गई थी, तो ऐसे संस्थापन के चार वर्ष के पूर्व हुई किसी भी घटना के मामले में कोई विभागीय कार्यवाही आरंभ नहीं की जाएगी :

परंतु, इस प्रकार आरंभ की गई अनुशासनिक कार्यवाही, कर्मचारी की सेवा अवधि के दौरान अनुशासनिक कार्यवाही के लिए लागू प्रक्रिया के अनुसार होगी।

(3) जहां सक्षम प्राधिकारी पेंशन से आर्थिक हानि की वसूली का आदेश देता है वहां वसूली सामान्यतया कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख को स्वीकार्य पेंशन के एक तिहाई से अधिक की दर पर नहीं की जाएगी।

परंतु, जहां पेंशन का अंश रोका गया है या वापस लिया गया है, वहां पेंशनभोगी द्वारा आहरित पेंशन राशि इन विनियमों के अधीन देय न्यूनतम पेंशन से कम नहीं होगी।"

(ण) परिशिष्ट-I के लिए, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

परिशिष्ट -I
(विनियम 35 देखें)

1. 01.01.1986 से 31.10.1987 की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मामले में, मूल पेंशन तथा अतिरिक्त पेंशन को अद्यतन बनाने का फॉर्मूला निम्नलिखित अनुसार होगा :-

(1) अ. (क) पेंशन के लिए गणनायोग्य औसत परिलब्धियों के पहले रु. 1000/- का 50 प्रतिशत — रु._____

(ख) अगले रु.500/- का 45 प्रतिशत — रु._____

(ग) रु.1500/- से अधिक पेंशन के लिए गणनायोग्य औसत परिलब्धियों का 40 प्रतिशत (क + ख +ग) का योग — रु._____

रु._____ (अ)

आ. सेवानिवृत्ति के पूर्व सेवा के अंतिम 10 महीने की औसत मासिक परिलब्धियों का 50 प्रतिशत — रु._____ (आ)

इ. नीचे दी गई तालिका के अनुसार, उपर्युक्त (अ) पर परिकलित मूल पेंशन पर, श्रृंखला 1960 = 100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक 600 पर महंगाई राहत — रु._____ (इ)

ई. कुल मूल पेंशन रु._____ (ई)
= (आ) + (इ) x अर्हता सेवा के वर्षों की संख्या (अधिकतम 33 वर्ष) / 33

उ. 01.11.1993 को मूल पेंशन रु._____ (उ)
(अगले उच्चतर रुपये में पूर्णांकित)

(2) सेवानिवृत्ति के समय आहरित विशेष भत्ते के अनुरूप, दिनांक 10 अप्रैल, 1989 के द्विपक्षीय समझौता या अधिकारी सेवा विनियम, यथास्थिति, के अनुसार भविष्य निधि में अंशदान करने हेतु गिनी जाने वाली रकम की सीमा तक विशेष भत्ते अतिरिक्त पेंशन के प्रयोजन हेतु गिने जाएंगे।

तालिका

01.01.1986 से 31.10.1987 की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के लिए श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक 600 पर तैयार की गई महंगाई राहत की दरें :

(क) अधीनस्थ संवर्ग के कर्मचारी	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन का 80.40 प्रतिशत
(ख) रु.756/- प्रतिमाह पेंशन आहरित करने वाले लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन का 67 प्रतिशत

(ग) रु.757/- और उससे अधिक प्रतिमाह पेंशन आहरित करने वाले लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी निम्नप्रकार से महंगाई राहत के लिए पात्र होंगे :-

प्रतिमाह आहरित मूल पेंशन की राशि रु.	स्वीकार्य महंगाई राहत राशि रु.
757 - 796	508.00
797 - 804	534.00
805 - 824	540.00
825 - 844	553.00
845 - 864	567.00
865 - 884	580.00
885 - 904	593.00
905 - 924	607.00
925 - 944	620.00

945 - 964	634.00
965 - 984	647.00
985 - 1004	660.00
1005 - 1024	674.00
1025 - 1044	687.00
1045 - 1064	701.00
1065 - 1084	714.00
1085 और अधिक	727.00

(घ) अधिकारी संवर्ग के कर्मचारी महंगाई राहत के लिए निम्नानुसार पात्र होंगे :

(i) रु.765/- प्रतिमाह मूल पेंशन आहरित करने वाले	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन राशि का 66 प्रतिशत अधिकतम रु. 500/-
(ii) रु.766/- से रु.1165/- प्रतिमाह मूल पेंशन आहरित करने वाले	रु. 500/-
(iii) रु.1166/- और उससे अधिक प्रतिमाह पेंशन आहरित करने वाले	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन राशि का 42.90 प्रतिशत, जो अधिकतम रु.715/- होगा।

2. 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात, परंतु 1 सितम्बर, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात परंतु 1 मई, 1994 के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी के मामले मे मूल पेंशन को अद्यतन बनाने का फॉर्मूला निम्नलिखित अनुसार होगा:-

(1) अर्हता सेवा के अंतिम 10 महीनो के दौरान महीने/महीनों के लिए पुराने वेतनमान के अनुसार आहरित वेतन का योग	रु._____
(2) उपर्युक्त (1) पर परिकलित वेतन के प्रत्येक महीने के लिए, वास्तविक रूप से आहरित महंगाई भत्ते या 1148 अंको पर महंगाई भत्ते, जो भी कम हो, का योग	रु._____
(3) उपर्युक्त (1) के अनुसार आहरित वेतन का योग तथा (+) उपर्युक्त (2) के अनुसार आहरित महंगाई भत्ते का योग	रु._____
(4) जिस महीने में कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ उस महीने को शामिल करते हुए, अर्हता सेवा के अंतिम 10 महीने/महीनों के लिए संशोधित वेतनमान के अनुसार आहरित वेतन का योग	रु._____
(5) कॉलम (3) व (4) का योग	रु._____
(6) पेंशन के प्रयोजन हेतु औसत परिलब्धियां अर्थात उपर्युक्त (5) के अनुसार योग / 10	रु._____
(7) अद्यतन मूल पेंशन उपर्युक्त (6) का 50 प्रतिशत x अर्हता सेवा के वर्षों की संख्या (अधिकतम 33 वर्ष)	रु._____

(8) मूल पेंशन (अगले उच्चतर रुपये में पूर्णांकित) रु._____

3. सेवानिवृत्ति के समय वास्तविक रूप से आहरित विशेष भत्तों के अनुरूप, अतिरिक्त पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन से 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात, परंतु 1 नवम्बर, 1994 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मकारों तथा 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात, परंतु 1 नवम्बर, 1994 के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारियों के मामले में दिनांक 14 फरवरी, 1995 के द्विपक्षीय समझौते या अधिकारी सेवा विनियम, यथास्थिति, के अनुसार विशेष भत्तों की राशि की गणना 1 नवम्बर, 1994 से की जाएगी।

परंतु, 1 नवम्बर, 1992 या सेवानिवृत्ति की तारीख से, जो भी बाद में हो, 31 अक्तूबर, 1994 तक की अवधि के लिए, संशोधन-पूर्व दरों पर भविष्य निधि की गणना हेतु राशि अतिरिक्त पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन हेतु गिनी जाएगी।

4. सेवानिवृत्ति के समय वास्तविक रूप से आहरित संशोधन-पूर्व विशेष भत्ते के अनुरूप 1 नवम्बर, 1994 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त तथा सेवानिवृत्ति के पूर्व सेवा के अंतिम 10 महीनों के दौरान संशोधन-पूर्व तथा संशोधित, दोनों दरों पर विशेष भत्ता आहरित कर चुके कर्मचारियों के मामले में, 14 फरवरी, 1995 के द्विपक्षीय समझौते या अधिकारी सेवा विनियम, यथास्थिति, के अनुसार विशेष भत्ते की राशि अतिरिक्त पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन हेतु गिनी जाएगी।

टिप्पणी

1 नवम्बर, 1994 को या उसके पूर्व आहरित संशोधित विशेष भत्ते की राशि मूल पेंशन के संराशीकरण हेतु गिनी जाएगी।

5. जो अधीनस्थ कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुए थे तथा संशोधन-पूर्व विशेष भत्ता आहरित किया था और वे कर्मचारी भी जो 1 नवम्बर, 1994 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो चुके हैं तथा सेवानिवृत्ति के पूर्व सेवा के अंतिम दस महीनों के दौरान संशोधन-पूर्व तथा संशोधित दोनों विशेष भत्ते आहरित कर चुके हैं, के मामले में संशोधन-पूर्व दरों पर वास्तविक रूप से आहरित विशेष भत्ते की राशि मूल पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन हेतु गिनी जाएगी और श्रृंखला 1960 = 100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों के तिमाही औसत में 600 के ऊपर प्रत्येक 4 अंकों की वृद्धि या गिरावट के लिए महंगाई राहत आहरित करेंगे।

(त) परिशिष्ट-II के लिए निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

परिशिष्ट -II

(विनियम 37 देखें)

मूल पेंशन पर महंगाई राहत निम्नलिखित अनुसार होगा :-

(1) कर्मकार संवर्ग के जो कर्मचारी 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात, परंतु 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे तथा अधिकारी संवर्ग के जो कर्मचारी 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात परंतु 1 जुलाई, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे, के मामले में, महंगाई भत्ता श्रृंखला 1960 = 100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर, यथास्थिति, प्रत्येक 4 अंकों की वृद्धि पर देय होगा तथा प्रत्येक गिरावट पर वसूली योग्य होगा। उपर्युक्त प्रत्येक चार अंकों की प्रत्येक महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या गिरावट नीचे दिए गए अनुसार परिकलित की जाएगी :-

प्रतिमाह मूल पेंशन का मान (1)	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर (2)
(I) रु.1250/- तक	0.67 प्रतिशत
(II) रु.1251/- से रु.2000/-	रु.1250/- का 0.67 प्रतिशत तथा (+) रु.1250/- से अधिक मूल पेंशन का 0.55 प्रतिशत।
(III) रु.2001/- से रु.2130/-	रु.1250/- का 0.67 प्रतिशत तथा (+) रु.2000/- और रु.1250/- के बीच के अंतर का 0.55 प्रतिशत तथा(+) रु.2000/- से अधिक मूल पेंशन का 0.33 प्रतिशत।
(IV) रु.2130/- से अधिक	रु.1250/- का 0.67 प्रतिशत तथा (+) रु.2000/- और रु.1250/- के बीच के अंतर का 0.55 प्रतिशत तथा (+) रु. 2130/-और रु.2000/- के बीच के अंतर का 0.33 प्रतिशत तथा (+) रु. 2130/- से अधिक मूल पेंशन का 0.17 प्रतिशत।

(2) उन कर्मचारियों के मामले में जो कर्मकार संवर्ग में हैं और जो 1 नवंबर, 1992 को या उसके बाद सेवानिवृत्त होते हैं तथा उन कर्मचारियों के मामले में जो अधिकारी संवर्ग में हैं और जो 1 जुलाई, 1993 को या उसके बाद सेवानिवृत्त होते हैं, उनको श्रृंखला 1982=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के तिमाही औसत में 1148 बिंदु के ऊपर प्रत्येक 4 अंक की वृद्धि के लिए महंगाई राहत प्रदान की जाएगी और प्रत्येक गिरावट के लिए उनसे वसूली की जाएगी, जैसी भी स्थिति हो। उक्त प्रत्येक चार अंकों के लिए महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या ह्रास को नीचे दी गई पद्धति से परिकलित किया जाएगा।

प्रतिमाह मूल पेंशन का मान (1)	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर (2)
(i) रु. 2400/- तक	0.35 प्रतिशत।
(ii) रु. 2401/- से रु. 3850/-	रु. 2400/- का 0.35 प्रतिशत तथा(+) रु. 2400/-से अधिक मूल पेंशन का 0.29 प्रतिशत।
(III) रु. 3851/-से रु. 4100/-	रु. 2400/- का 0.35 प्रतिशत तथा (+) रु. 3850/- और रु. 2400/-के बीच के अंतर का 0.29 प्रतिशत तथा (+) रु. 3850/- से अधिक मूल पेंशन का 0.17 प्रतिशत।
(iv) रु. 4100/- से अधिक	रु. 2400/-का 0.35 प्रतिशत तथा (+) रु. 3850/- और रु. 2400/-के बीच के अंतर का 0.29 प्रतिशत तथा (+) रु. 4100/- और रु. 3850/- के बीच के अंतर का 0.17 प्रतिशत तथा (+) रु. 4100/- से अधिक मूल पेंशन का 0.09 प्रतिशत।

(3) जो कर्मचारी 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें महंगाई राहत श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के तिमाही औसत में 1616 से अधिक प्रत्येक 4 अंकों, यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए देय होगी तथा प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलीयोग्य होगी। उपर्युक्त प्रत्येक चार अंकों के लिए महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या गिरावट नीचे दिए गए प्रकार से परिकलित की जाएगी :-

प्रतिमाह मूल पेंशन का मान (1)	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप मे महंगाई राहत की दर (2)
(i) रु. 3380/- तक	0.25 प्रतिशत
(ii) रु.3381/- से रु.5420/-	रु.3380/- का 0.25 प्रतिशत तथा (+) रु.3380/- से अधिक मूल पेंशन का 0.21 प्रतिशत

(iii) रु. 5421/- से रु.5770/-	रु.3380/- का 0.25 प्रतिशत तथा (+) रु.5420/- और रु.3380/- के बीच के अंतर का 0.21 प्रतिशत तथा (+) रु. 5420/- से अधिक मूल पेंशन का 0.12 प्रतिशत।
(iv) रु. 5770/- से अधिक	रु.3380/- का 0.25 प्रतिशत तथा (+) रु. 5420/- और रु.3380/- के बीच के अंतर का 0.21 प्रतिशत तथा (+) रु.5770/- और रु.5420/- के बीच के अंतर का 0.12 प्रतिशत तथा (+) रु.5770/- से अधिक मूल पेंशन का 0.06 प्रतिशत।

(4) महंगाई राहत पिछले वर्ष के अक्तूबर, नवम्बर और दिसम्बर के महीनों में प्रकाशित सूचकांकों के तिमाही औसत पर 1 फरवरी से आरंभ और 31 जुलाई को समाप्त होने वाली छमाही के लिए और उसी वर्ष अप्रैल, मई और जून के महीनों में प्रकाशित सूचकांकों के तिमाही औसत पर 1 अगस्त से आरंभ और 31 जनवरी को समाप्त होने वाली छमाही के लिए देय होगा।

(5) परिवार पेंशन, अशक्त पेंशन और अनुकम्पा भत्ते के मामले में, महंगाई राहत ऊपर उल्लिखित दरों के अनुसार देय होगी।

(6) पूर्ण मूल पेंशन पर महंगाई राहत की अनुमति संराशीकरण के बाद भी दी जाएगी।

(7) महंगाई राहत अतिरिक्त पेंशन पर देय नहीं है।

(8) जिस पेंशनभोगी की मूल पेंशन न्यूनतम पेंशन से कम है परंतु मूल पेंशन तथा अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम पेंशन से अधिक है वह न्यूनतम पेंशन पर लागू महंगाई राहत आहरित कर सकेगा।

(थ) परिशिष्ट -III के लिए, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

परिशिष्ट - III
(विनियम 39 देखें)

परिवार पेंशन की साधारण दरें इस प्रकार होंगी :-

(क) अंशकालिक कर्मचारियों को छोड़कर, अन्य कर्मचारियों के मामले में, जहां कर्मचारी कर्मकार संवर्ग में था और 1.11.1992 के पूर्व सेवानिवृत्त हुआ था या जहां कर्मचारी अधिकारी संवर्ग में था और 01.07.1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हुआ था।

वेतनमान प्रतिमाह (1)	मासिक परिवार पेंशन की राशि (2)

रु.1500/- तक	'वेतन' का 30 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 30 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परंतु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी। मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग रु.375/- प्रतिमाह से कम नहीं होगा।
रु.1501/- से रु.3000/-	'वेतन' का 20 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 20 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है, परंतु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी। मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग रु.450/- प्रतिमाह से कम नहीं होगा।
रु.3000/- से अधिक	'वेतन' का 15 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 15 प्रतिशत जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है, परंतु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी। मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग रु.600/- प्रतिमाह से कम तथा रु.1250/- प्रतिमाह से अधिक नहीं होगा।

